दिनांक: 10.10.2025

-प्रेस नोट-

*➡️श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर के निर्देशन मे जनपदीय पुलिस द्वारा चोरी गये वाहनो को बरामद कराकर स्वामियो को किये गये सुपुर्द*
*"जन विश्वास की जीत — तकनीक और तत्परता का संगम बनी सहारनपुर पुलिस"*

*➡️श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर के कुशल निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निकट पर्यवेक्षण में जनपद सहारनपुर के समस्त थानों द्वारा एक विशेष अभियान"चोरी गये वाहनो को बरामद कर स्वामियो को सुपुर्द करना" दिनांक 09.10.2025 को संचालित किया गया। यह अभियान का मुख्य उद्देश्य चोरी वाहनो को बरामद कर वाहन स्वामियो को वापस करना था।*

*➡️अवगत कराना है कि जनपद सहारनपुर के समस्त थानो द्वारा दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 09.10.2025 तक चोरी गये 208 वाहनो को बरामद करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की।*
*"चोरी गये वाहनों को बरामद कर स्वामियों को सुपुर्द करने" के विशेष अभियान में सहारनपुर पुलिस की उल्लेखनीय उपलब्धि*

*➡️इस अभियान का उद्देश्य चोरी हुए वाहनों को शीघ्र बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द करना तथा जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।*

*अभियान की उपलब्धियाँ*

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| दिनांक 09.10.2025 को सुपुर्द किए गए वाहन | 21 |
| अभियान से पूर्व सुपुर्द किए गए वाहन | 172 |
| सुपुर्दगी हेतु चिन्हित वाहनों के स्वामी | 15 |
| दिनांक 01.01.2025 से 09.10.2025 तक कुल बरामद वाहन | 208 |

*अभियान की प्रमुख विशेषताएँ*

***➡इस विशेष अभियान के दौरान जनपद के सभी थानों की पुलिस टीमों ने चोरी से संबंधित अभियोगों में दर्ज वाहनों की गहनता से जांच करते हुए विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर बरामद वाहनों को उनके स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किया। वाहन सुपुर्दगी के दौरान फरियादियों ने सहारनपुर पुलिस की सराहना करते हुए पुलिस द्वारा की गई त्वरित व प्रभावी कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया।***

***सहारनपुर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि—***

***•वाहन खड़ा करते समय हमेशा सुरक्षित एवं प्रकाशयुक्त स्थान का चयन करें।***

***•वाहन में GPS ट्रैकर, स्टीयरिंग लॉक, अलार्म सिस्टम आदि सुरक्षा उपकरण अवश्य लगवाएँ।***

***•वाहन चोरी अथवा किसी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल 112 आपातकालीन सेवा या निकटतम थाना पुलिस को सूचना दें।***

*पुलिस का उद्देश्य – जनता का विश्वास, अपराधियों में भय*

*सहारनपुर पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान न केवल चोरी गए वाहनों की बरामदगी में एक उल्लेखनीय सफलता का प्रतीक है, बल्कि यह पुलिस प्रशासन की जनता के प्रति प्रतिबद्धता, पारदर्शिता एवं जनसेवा भावना का सशक्त उदाहरण भी है।*

दिनांक: **10.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# ***थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर अवैध असलाह/कारतूस, 02 अवैध चाकू, 01 चोरी की मोटरसाइकिल, 01 इन्वर्टर व ट्रैक्टर की 01 बैट्री बरामद***

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार संघन चैकिंग व गश्त की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 09/10.10.2025 की रात्रि में मुखबिर की सूचना पर थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा ग्राम थरौली की ओर नहर पटरी रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी, तभी ग्राम थरौली की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखायी दिये, जिन्हे पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी दिखाकर रूकने का इशारा किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी और मोटरसाइकिल वापस मोडकर भागने लगे, मोटरसाइकिल मोडते समय अनियन्त्रित होकर गिर गयी, पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर 03 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशो की पहचान* ***1. आस मौहम्मद उर्फ आशु पुत्र मुबारक निवासी ग्राम मुशेल थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर, 2. प्रदीप उर्फ काका पुत्र राजेन्द्र निवासी नया बांस मानकमऊ थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर व 3. ललित उर्फ तोल्ला पुत्र राकेश निवासी मुशेल थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*** *के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे/निशानदेही पर* ***01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ/01 मिस कारतूस 315 बोर तथा 02 अवैध चाकू, 01 चोरी की मोटर साइकिल, चोरी का 01 इन्वर्टर व 01 ट्रैक्टर की बैट्री*** *बरामद हुए। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 386/25 धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/4/25 आर्मस एक्ट के पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

## ***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-***

*1- आस मौहम्मद उर्फ आशु पुत्र मुबारक निवासी ग्राम मुशेल थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*

*2- प्रदीप उर्फ काका पुत्र राजेन्द्र निवासी नया बांस मानकमऊ थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*

*3- ललित उर्फ तोल्ला पुत्र राकेश निवासी मुशेल थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*

## ***बरामदगी का विवरण-***

- *01 देशी तमंचा 315 बोर*
- *01 खोखा कारतूस नाल में फसा हुआ/01 मिस कारतूस 315 बोर*
- *01 चोरी की मोटरसाइकिल*
- *01 इन्वर्टर चोरी का (निशानदेही पर)*
- *01 बैटरी ट्रेक्टर की चोरी की (निशानदेही पर)*

## ***अभियुक्त ललित उर्फ तोल्ला उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-***

*1. मु0अ0सं0 98/2021 धारा 380/457/511 भादवि थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

*2. मु0अ0सं0 405/2021 धारा 120बी/307/394/411 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*
*3. मु0अ0सं0 425/2021 धारा 307 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*
*4. मु0अ0सं0 429/2021 धारा 3/25 थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*

***अभियुक्त प्रदीप उर्फ काका उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-***

1. *मु0अ0सं0 297/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
2. *मु0अ0सं0 624/2020 धारा 60/63 आबकारी अधि0 थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर*
3. *मु0अ0सं0 325/10 धारा 401 भादवि थाना जीआरपी सहारनपुर जनपद सहारनपुर*
4. *मु0अ0सं0 327/10 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 थाना जीआरपी सहारनपुर जनपद सहारनपुर*
5. *मु0अ0सं0 686/2014 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर*
6. *मु0अ0सं0 687/2014 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर*
7. *मु0अ0सं0 912/2009 धारा ...... थाना जीआरपी सहारनपुर जनपद सहारनपुर*
8. *मु0अ0सं0 972/2009 धारा ...... थाना जीआरपी सहारनपुर जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-***

1. *उ0नि0 श्री कुलवन्त सिंह मलिक थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री पंकज शर्मा थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
3. *उ0नि0 श्री भूपेश शर्मा थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
4. *है0का0 138 कपिल थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
5. *है0का0 559 सन्नी राणा थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
6. *है0का0 819 सतेन्द्र थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
7. *का0 1808 आशीष थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
8. *का0 2547 अजय कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 10-10-2025

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते माननीय न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश एडीजे-देवबन्द जनपद सहारनपुर द्वारा हत्या का प्रयास व हत्या के मुकदमें में अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व 75 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गईः-***

*अवगत कराना है, कि दिनांक 25.11.2018 को वादी सुजात हुसैन पुत्र हाजी हसन निवासी मौ0 छता थाना नानौता जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त वजाहत खॉ पुत्र गययूर खॉ निवासी मौहल्ला छता थाना नानौता जनपद सहारनपुर द्वारा वादी की पत्नी व बेटी पर जान से मारने की नियत से तलवार से वार करना, इलाज के दौरान वादी की पत्नी की मृत्यु हो जाने की सूचना पर मु0अ0स0-353/2018 धारा 302,307 भादवि थाना नानौता पर पंजीकृत कराया गया । जिसमें उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं0-113/2019 पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-देवबन्द जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में* ***OPERATION CONVICTION*** *में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-देवबन्द जनपद सहारनपुर द्वारा* ***आज दिनांक 10.10.2025 को अभियुक्त वजाहत खॉ पुत्र गययूर खॉ निवासी मौहल्ला छता थाना नानौता जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-353/2018 धारा 302,307 भादवि में दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास व 75 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित*** *किया गया।*

***शासकीय- अधिवक्ता (ए0डी0जी0सी0) श्री देवी दयाल शर्मा***
***विवेचक- उ0नि0 श्री यशपाल धामा***
***पैरोकार- है0का0 988 प्रदीप कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर***

दिनांकः **10.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 जनपद सहारनपुर द्वारा नशा तस्करी के मुकदमें में अभियुक्त को 02 वर्ष का कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गईः-***

अवगत कराना है, कि दिनांक 07.04.18 को वादी उ0नि0 अनीस अहमद थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर की सूचना द्वारा अभियुक्त अमजद पुत्र सईद नि0 ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना जिला स0पुर के कब्जे से 03 किलोग्राम डोडा पोस्त चूर्ण बरामद होने की सूचना पर मु0अ0स0-120/18 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना चिलकाना पर पंजीकृत कराया गया। जिसमें उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं0-171/18 पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-11 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में **OPERATION CONVICTION** में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 जनपद सहारनपुर द्वारा **आज दिनांक 10.10.2025 को अभियुक्त अमजद पुत्र सईद निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-120/18 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए 02 वर्ष का कारावास व 20 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित** किया गया।

**शासकीय- अधिवक्ता (ए0डी0जी0सी0) श्री अमित त्यागी**
**विवेचक- उ0नि0 श्री बिजेन्द्र सिंह**
**पैरोकार- का0 253 मनोज कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर**

-प्रेस नोट-

दिनांकः **10.10.2025**

# □ *थाना चिलकाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई — अवैध खनन पर कसा शिकंजा, 09 वाहन सीज, 05 अभियुक्त गिरफ्तार*

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर*** *के निर्देशन में एवं* ***पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर*** *के निकट पर्यवेक्षण में, श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर व थाना चिलकाना प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है।*

*थाना चिलकाना पुलिस टीम द्वारा अवैध खनन कार्यवाही के दौरान* ***07 ट्रक (18 टायर), 01 ट्रैक्टर व 01 कार — कुल 09 वाहन*** *सीज किए गए । इनमें से अधिकांश वाहन* ***बिना वैध प्रपत्र, बिना माइनिंग टैग व ओवरलोड*** *पाए गए।*

***<u>सीज वाहनों विवरणः-</u>***

- □ *ट्रक बिना नम्बर प्लेट, MAT828048PAK13074*
- □ *ट्रक बिना नम्बर प्लेट, MAT828045R1P34156*
- □ *ट्रक बिना नम्बर प्लेट, MAT828045RAK16724*
- □ *ट्रक 18 टायरा HR 58 C 0672 बिना रायल्टी*
- □ *ट्रक UP 11 CT 7326 ओवरलोड, टैग किसी अन्य वाहन का*
- □ *ट्रक बिना नम्बर प्लेट, MAT777012M3B05237*
- □ *ट्रैक्टर महेन्द्रा DI XP PLUSE VIN – MBNGAANKBNJB00966 (आम की अवैध लकड़ी सहित बरामद)*
- □ *01 कार*
- □ *01 ट्रैक्टर*

*पकड़े जाने पर आमदा फसाद करने वाले* ***दो पक्षों के कुल 05 अभियुक्तों*** *को मौके से गिरफ्तार किया गया है, जिनके विरुद्ध* ***धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस.*** *के तहत विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

□ ***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-***

1. *सागर पुत्र कुँवर पाल – ग्राम पंचकुआ, थाना चिलकाना*
2. *आजम पुत्र अताउर्रहमान – ग्राम दबकौरा, थाना बेहट*
3. *साजिद पुत्र अय्यूब – ग्राम ननौली, थाना बेहट*
4. *इंतजार पुत्र कय्यूम – ग्राम टोडरपुर, थाना चिलकाना*
5. *जुनैद पुत्र हनीफ – ग्राम मुकुन्दपुर खेडी, थाना कैराना, जिला शामली*

□ ***कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम***

*1. उ0नि0 बंटी कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*2. हे0का0 260 नितिन कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*3. हे0का0 1233 विपिन राणा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*4. का0 2401 दुर्गेश कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*5. का0 1700 दीपक कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*6. का0 1870 पुनित यादव थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*7. हे0का0 880 अंकित कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*
*8. का0 1551 अमित कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।*

दिनांक- 10.10.2025

-प्रेस नोट-

# "ऑपरेशन सवेरा"

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

## □ सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही □

### □ *मादक पदार्थ तस्करी पर थाना तीतरों मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम का करारा प्रहार — 01 तस्कर गिरफ्तार, कुल 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद* □

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में "ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर" अभियान चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान "**आपरेशन सवेरा**" के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना तीतरों पुलिस द्वारा दिनांक 10/10/2025 को चैकिंग के दौरान **01 नशा तस्कर अभियुक्त नोमान पुत्र इलियास निवासी ग्राम बालू थाना तीतरो जनपद सहारनपुर** को थाना क्षेत्र तीतरो से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से **कुल 13 ग्राम अवैध स्मैक** बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना तीतरों पर मु0अ0सं0 163/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. नोमान पुत्र इलियास निवासी ग्राम बालू थाना तीतरो जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

- 13 ग्राम अवैध स्मैक

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 विकास तोमर थाना तीतरो स0पुर
2. म0उ0नि0 अवनी उपाध्याय थाना तीतरो स0पुर

दिनांकः 10-10-2025

-प्रेस नोट-

# ☐ *थाना चिलकाना पुलिस की त्वरित कार्यवाही — कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शान्ति भंग में 06 अभियुक्त गिरफ्तार*

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** के निर्देशन में एवं **पुलिस अधीक्षक नगर** तथा **क्षेत्राधिकारी सदर** के निकट पर्यवेक्षण में, **थाना चिलकाना प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार** के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा *कानून एवं शान्ति व्यवस्था* बनाए रखने हेतु निर्णायक कार्यवाही की गई।

थाना चिलकाना क्षेत्रान्तर्गत **ग्राम सलीरी** में *ग्राम समाज की भूमि पर कूड़ा डालने व सब्जी उगाने को लेकर* दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया। दोनों पक्षों के बीच आमदा फसाद की स्थिति बनने पर थाना चिलकाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए **कुल 06 अभियुक्तों** को *शान्ति भंग करने* के आरोप में गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरणः-**

1. **गय्यूर पुत्र कय्यूम**, निवासी ग्राम सलीरी, थाना चिलकाना, सहारनपुर
2. **मुकर्रम पुत्र असरफ**, निवासी ग्राम सलीरी, थाना चिलकाना, सहारनपुर
3. **नसीम पुत्र गफ्फार**, ग्राम गुमटी, थाना चिलकाना
4. **नफीस पुत्र गफ्फार**, ग्राम गुमटी, थाना चिलकाना
5. **इन्तजार पुत्र सुल्तान**, ग्राम गुमटी, थाना चिलकाना
6. **मुजाहिद पुत्र सुल्तान**, ग्राम गुमटी, थाना चिलकाना

उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध **धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस.** के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें *गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।*

**☐ गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

1. उ0नि0 राकेश कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 अंकित कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
3. म0उ0नि0 सुमन थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
4. हे0का0 116 महेश कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
5. का0 2550 प्रदीप कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
6. हे0का0 436 जाबिर अली थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
7. हे0का0 1052 कुलदीप कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
8. म0का0 917 मनीता थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
9. हो0गा0 1855 कुलभूषण शर्मा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर

दिनांकः 10.10.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## ***थाना रामपुर मनिहारान पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मुकदमें में 04 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार***

*अवगत कराना है कि दिनाक 31.07.24 को वादी श्री संदीप कुमार पुत्र यशपाल निवासी ग्राम बीदपुर थाना सरसावा जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री को अतिरिक्त दहेज लाने के लिये तंग व परेशान करना तथा मारपीट करना जिससे वादी की पुत्री की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध मे थाना रामपुर मनिहारान पर मु0अ0स0 263/24 धारा 85,80(2),115(2),352/123 बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम सूरजमल आदि पंजीकृत किया गया।*

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिए गये थे।*** *आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह के कुशल नेत्तृव में दिनांक 10.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में दहेज हत्या के मुकदमें में 04 वांछित* ***अभियुक्तगण 1. सूरजमल पुत्र मान सिंह, 2. मान सिंह पुत्र रघुवीर सिंह, 3. बसन्त कुमार पुत्र मान सिंह व 4. कमलेश पत्नी मान सिंह निवासी ग्राम कंजौली थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*** *को ग्राम कंजौली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता***

1. *सूरजमल पुत्र मान सिंह निवासी ग्राम कंजौली थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
2. *मान सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम कंजौली थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
3. *बसन्त कुमार पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम कंजौली थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
4. *कमलेश पत्नी मान सिंह निवासी ग्राम कंजौली थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

1. *उ0नि0 श्री आशीष चौधरी थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर*
2. *म0उ0नि0 नेहा चौधरी थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
3. *का0 1441 अजीत कुमार थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर*
4. *का0 1887 अंकित थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर*
5. *का0 2501 प्रताप सिंह थाना रामपुर मनिहान जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 10-10-2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रोजन्त त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 05.10.25 को थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण **1. भूरा उर्फ वाहिद पुत्र इरशाद उर्फ सादा निवासी जैन कालोनी खाताखेडी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर** को सम्बन्धित वाद संख्या 1932/24 मु0अ0सं0 248/24 धारा 304/147 भादवि (मा0न्यायालय अपर मुख्य न्यायाधीश 11 स0पुर मे पेशी हेतु नियत तिथि – 14.10.2025) व **2. जहीर पुत्र युनुस निवासी खाताखेडी भूरे वाली मस्जिद हाकमशाह कालोनी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर** को सम्बन्धित वाद संख्या 1378/23 धारा 498ए/323/504 भादवि व ¾ दहेज प्रतिशेध अधिनियम (मा0न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष सं0 18 स0पुर मे पेशी हेतु नियत तिथि 10.10.2025) वारन्टी जहीर उपरोक्त को मस्कन के बाहर गली से व वारन्टी भूरा उर्फ जाहिद उपरोक्त को उसके मसकन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –***

1. भूरा उर्फ वाहिद पुत्र इरशाद उर्फ सादा निवासी जैन कालोनी खाताखेडी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. जहीर पुत्र युनुस निवासी खाताखेडी भूरे वाली मस्जिद हाकमशाह कालोनी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

1. उ0नि0 राहुल शर्मा थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
2. है0का0 157 संदीप कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
3. का0 2241 अनिल कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर

दिनांक: 10.10.25

-प्रेस नोट-

# ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश***

## ***थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार***

*अवगत कराना है कि दिनांक 07.10.25 को वादिया की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त विनित अग्रवाल पुत्र राजकुमार निवासी सरदार वाली गली शाकुम्बरी विहार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर व नीरज अग्रवाल पुत्र राजकुमार निवासी उपरोक्त द्वारा वादिया की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने की सूचना के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर मु0अ0स0 500/25 धारा 376(AB)/506 भादवि व 5M/5N/6 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुबे सिह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 10.10.25 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में* ***01 वांछित अभियुक्त विनित अग्रवाल पुत्र राजकुमार निवासी सरदार वाली गली शाकुम्बरी विहार थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर*** *को मौ0 शाकुम्बरी विहार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***अभियुक्त के नाम व पताः-***

*विनित अग्रवाल पुत्र राजकुमार निवासी सरदार वाली गली शाकुम्बरी विहार थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

*1. निरीक्षक श्री भूपेन्द्र सिह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*

*2. का0 1487 जयकुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*

*3. का0 1716 अनुज कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।*

दिनांक: **10.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# ***<u>थाना रामपुर मनिहारान साइबर हेल्प डेस्क द्वारा साइबर ठगी के माध्यम से ठगी गयी कुल 13,157/- रूपये शत प्रतिशत धनराशि पीडित के खाते में करायी गयी वापस</u>***

*अवगत कराना है कि दिनांक 20.08.2025 को शिकायतकर्ता श्री मनीष कुमार पुत्र महीपाल सिंह नि0 ग्राम बुड्ढाखेडा थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर द्वारा आनलाइन फ्राड के माध्यम से कुल 13157/- रूपये की धनराशि ठग लेने के सम्बन्ध में साईबर हैल्पलाईन वैबसाईट पर शिकायत सं0 23108250122572 दर्ज करायी गयी थी।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम व जनमानस को जागरुक करने व साइबर ठगी के माध्यम से ठगी गयी धनराशि पीडितों के खाते में वापस कराये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान व मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व मे थाना रामपुर मनिहारन साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा पीडित श्री मनीष कुमार पुत्र महीपाल सिंह नि0 ग्राम बुड्ढाखेडा थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर की साइबर ठगी के माध्यम से ठगी गयी कुल 13,157/- रूपये की धनराशि शत प्रतिशत पीडित के खाते में वापस कराये गये। ठगी गयी कुल 13,157/- रूपये की शतप्रतिशत धनराशि खाते में वापस पाकर पीडित ने थाना रामपुर मनिहारन साइबर हेल्प डेस्क टीम का आभार व्यक्त किया गया।*

***<u>पीडित का नाम व पताः-</u>***

*मनीष कुमार पुत्र महीपाल सिंह नि0 ग्राम बुड्ढाखेडा थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर*

***<u>वापस कराई गयी धनराशिः-</u>***

*13,157/- रूपये*

***<u>धनराशि वापस कराने वाली साइबर हेल्प डेस्क टीमः-</u>***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 संजीव यादव थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
3. *म0उ0नि0 नेहा थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
4. *कम्पयूटर आपरेटर कपिल देव थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
5. *म0का0 748 कंचन थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर*
6. *म0का0 775 आकाक्षा सिंह थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर व*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 10-10-2025

## □ *मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत – थाना सदर बाजार मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम की त्वरित कार्यवाही — मात्र 05 घंटे में गुमशुदा युवती सकुशल* बरामद □

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, **सहारनपुर** के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में **थाना सदर बाजार मिशन शक्ति टीम** द्वारा *महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन* हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान** के अंतर्गत सराहनीय कार्यवाही की गई।
□

□ **दिनांक:** 10.10.2025

□ **समय:** रात्रि 01:53 बजे

वादी **श्री नितिन महलौना निवासी चन्द्रनगर, थाना सदर बाजार, सहारनपुर** द्वारा अपनी **21 वर्षीय पुत्री अक्षमा** के गुम होने की सूचना दी गई थी।
वादी ने बताया कि किसी बात को लेकर डांट-फटकार के बाद युवती घर से चली गई थी तथा उसका मोबाइल स्विच ऑफ था □।

सूचना मिलते ही **प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव** के कुशल नेतृत्व में **थाना सदर बाजार मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम** ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप मात्र **05 घंटे में** युवती **अक्षमा** को **रेलवे स्टेशन के पास बस अड्डे से सकुशल बरामद** कर लिया गया □।
बरामद युवती को **मिशन शक्ति केंद्र** पर ले जाकर टीम द्वारा उसकी **काउंसलिंग** □ की गई तथा तत्पश्चात **सुरक्षित रूप से परिजनों को सुपुर्द** □□□ किया गया।

---

□♀□ **गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद करने वाली मिशन शक्ति टीम –**

□ उ0नि0 **चंचल कुमारी** *थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर*

□ म0का0 **87 रीतु** *थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर*

□ म0का0 **380 रूची** *थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर*

□ है0का0 **जितेन्द्र चौहान** *थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

**दिनांक: 10-10-2025**

*‼️मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के डायल 112 पुलिस द्वारा कस्बा देवबंद अन्तर्गत जागरूकता अभियान संचालित‼️*

*➡️ आज दिनांक 10.10.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 तथा राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा जागरूकता माह (अक्तूबर 2025) के अंतर्गत थाना देवबंद पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।*

*➡️इस अवसर पर पीआरवी 5975 थाना देवबंद पर नियुक्त हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र, महिला कांस्टेबल तनु तथा चालक सुभाष द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया।*

*➡️टीम द्वारा मैपल्स एकेडमी की छात्राओं, एवं बाजार क्षेत्र में उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य, महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी गई।*
*अभियान के दौरान टीम द्वारा महिलाओं को निम्न विषयों पर जागरूक किया गया —*

*➡️किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित शिकायत दर्ज करने हेतु महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा साईबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई।*

*➡️ऑनलाइन ठगी, फिशिंग कॉल्स, सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे बढ़ते साईबर अपराधों से बचाव के लिए सावधानी व सतर्कता के उपाय बताए गए।*

*➡️यह भी बताया गया कि किसी अज्ञात लिंक या संदिग्ध संदेश पर क्लिक न करें तथा निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।*

*➡️साथ ही उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान से जुड़ने, अपने अधिकारों की जानकारी रखने और अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।*

*➡️कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा जागरूकता संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए तथा लोगों से अपील की गई कि वे महिला सुरक्षा एवं साईबर अपराधों के प्रति स्वयं भी सतर्क रहें और अपने परिवार व समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।*

*➡️ इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग करना तथा साईबर अपराधों से सुरक्षित रहने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करना है।*

दिनांक: 10-10-2025

-प्रेस नोट-

*🙋‍♀️ मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक — थाना मिर्जापुर पुलिस की सराहनीय पहल *

*➡️ आज दिनांक 10.10.2025 को थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम खुहालपुर में महिला उप निरीक्षक दीक्षा, महिला कांस्टेबल सविता एवं महिला कांस्टेबल निकिता द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा जागरूकता माह (अक्टूबर 2025) के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

*➡️इस दौरान टीम ने बालिकाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों, डिजिटल सुरक्षा एवं सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।*

* मुख्य बिंदु :*
बालिकाओं को डिजिटल एथिक्स, साईबर फ्रॉड एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए गए।
सोशल मीडिया पर संदिग्ध लिंक, फेक प्रोफाइल और OTP फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी गई।
सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई :

☎ 1090 — वूमेन पावर लाइन (महिला सुरक्षा हेतु), ☎ 1930 — साईबर अपराध हेल्पलाइन (ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत हेतु), ☎ 108 — एंबुलेंस सेवा, ☎ 112 — पुलिस आपातकालीन सेवा, ☎ 1098 — चाइल्ड हेल्पलाइन (बच्चों की सहायता हेतु)

*छात्राओं से उनकी समस्याएं एवं अनुभव सुने गए और उन्हें आत्मरक्षा व आत्मविश्वास बढ़ाने के सुझाव दिए गए।*
*अंत में जागरूकता पम्पलेट वितरित कर मिशन शक्ति एवं साईबर सुरक्षा के संदेश का प्रसार किया गया।*

* उद्देश्य :*
*➡️इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को डिजिटल युग में सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है ताकि वे किसी भी प्रकार के अपराध या ठगी से स्वयं की रक्षा कर सकें।*

दिनांकः 10-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

*□□♀□ मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत थाना जनकपुरी पुलिस की जनजागरूकता पहल □*

*➡□ आज दिनांक 10.10.2025 को थाना जनकपुरी, जनपद सहारनपुर में एंटी रोमियो टीम की महिला कांस्टेबल शिवानी द्वारा एस.बी.डी. हॉस्पिटल क्षेत्र में जाकर मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के संबंध में जागरूक किया गया।*

*➡□कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को डिजिटल एरेस्टिंग जैसी झूठी अफवाहों से सतर्क रहने, ऑनलाइन ठगी व साईबर अपराधों से बचाव के उपाय, तथा सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।*

*□ मुख्य बिंदु :*
*महिलाओं को बताया गया कि "डिजिटल एरेस्टिंग" जैसी झूठी अफवाहों से भ्रमित न हों और किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर विश्वास न करें।*

*साईबर फ्रॉड, फिशिंग, OTP ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग आदि अपराधों से बचाव हेतु व्यवहारिक उपाय बताए गए।*
*सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई :*

☎ 1090 – वूमेन पावर लाइन

☎ 1930 – साईबर अपराध हेल्पलाइन

☎ 108 – एंबुलेंस सेवा

☎ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
*महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों एवं कानूनी संरक्षण के बारे में बताया गया।*
*साथ ही उपस्थित लोगों को ऑपरेशन नशा मुक्ति के प्रति भी जागरूक किया गया तथा नशे के दुष्प्रभावों से बचने का संदेश दिया गया।*
*कार्यक्रम के अंत में महिला कांस्टेबल शिवानी द्वारा जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए।*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक: 10-10-2025

